आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 04.10.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए 62 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की युवा केंद्रित विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा के दौरान राहत व बचाव अभियान में योगदान देने पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और आईटीबीपी के कर्मियों को सम्मानित किया।
- सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा– प्रदेश के हर जिले के उत्पादों की ब्रांडिंग कर वैश्विक पहचान दिलाना, सहकारिता विभाग का लक्ष्य है।
- देहरादून के परेड ग्राउंड में 50वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरु।

**प्रधानमंत्री**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने युवाओं के लिए 62 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न पहलों का शुभारंभ किया। ये युवा–केन्द्रित पहल, देश में शिक्षा, कौशल और उद्यमिता को बढ़ावा देंगी। आज नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित कौशल दीक्षांत समारोह में प्रधानमंत्री ने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों–आई.टी.आई. के माध्यम से प्रधानमंत्री कौशल और रोजगार परिवर्तन–पीएम–सेतु का शुभारंभ किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ज्ञान और कौशल का देश है और बौद्धिक शक्ति, देश की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कहा कि आई.टी.आई. न केवल औद्योगिक शिक्षा के प्रमुख संस्थान हैं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की कार्यशालाएं भी हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम–सेतु योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण संस्थानों को उन्नत बनाया जाएगा और आधुनिक मशीनों से सुसज्जित किया जाएगा। श्री मोदी ने कहा कि पीएम–सेतु देश के युवाओं को दुनिया की कौशल आवश्यकताओं के साथ जोड़ेगा।

## एनएसटीआई देहरादून

राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान– एनएसटीआई, देहरादून में 2024–25 सत्र में उत्तीर्ण होने वाले प्रशिक्षुओं के लिए आज चतुर्थ दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। संस्थान में दीक्षांत समारोह का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में विज्ञान भवन, नई दिल्ली से आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय कौशल दीक्षांत समारोह के सीधे प्रसारण के बाद हुआ। एनएसटीआई देहरादून में संचालित विभिन्न ट्रेडों में कुल 315 प्रशिक्षु उत्तीर्ण हुए, जिन्हें भारतीय उद्योग परिसंघ, उत्तराखंड के निदेशक गौरव लांबा ने प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। उन्होंने प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए कहा कि कौशल भारत अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षु आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं से अपने कौशल को उद्योग व उद्यमिता के साथ जोड़कर समाज के विकास में योगदान देने का आह्वान किया।

## आपदा कर्मी सम्मानित

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा के दौरान राहत व बचाव अभियान में योगदान देने पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और आईटीबीपी के कर्मियों को आज देहरादून में सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सम्मान ऐसे कर्मियों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है, जिन्होंने आपदा के दौरान राहत व बचाव अभियान में अपनी जान की परवाह किए बिना योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने ये सुनिश्चित किया है कि आपदा पीड़ितों को केवल मुआवज़ा ही न दिया जाए, बल्कि उनके पुनर्वास और उनकी आजीविका पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने एसडीआरएफ जवानों को ड्रोन, सैटेलाइट आधारित मॉनिटरिंग और अत्याधुनिक रेस्क्यू गियर जैसे अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए हैं। साथ ही, आपदा मित्र योजना के अंतर्गत गांव–गांव में स्थानीय युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण को स्कूल–कॉलेजों में शामिल करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की है, ताकि आने वाली पीढ़ी आपदा के खतरों से और बेहतर तरीके से निपट सके।

## सहकारिता मेला

अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष– 2025 के उपलक्ष्य में उत्तराखंड सहकारिता विभाग द्वारा अल्मोड़ा में सहकारिता मेला आयोजित किया गया है। नौ अक्टूबर तक चलने वाले मेले में सहकारी समितियों, स्वयं सहायता समूहों, स्थानीय उत्पादकों और उत्तराखंड के हस्तशिल्पियों ने विकास प्रदर्शनी लगाई हैं। सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने आज मेले के दूसरे दिन विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। साथ ही सहकारी बैंक के माध्यम से लाभार्थियों, दुग्ध उत्पादकों, पशुपालकों, प्रगतिशील किसानों और काश्तकारों को सम्मानित किया। सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में दिसंबर तक सहकारिता मेले लगाए जाएंगे, जिसकी शुरुआत अल्मोड़ा से की गई है। उन्होंने कहा कि हर जिले के उत्पादों की ब्रांडिंग कर वैश्विक पहचान दिलाना सहकारिता विभाग का लक्ष्य है।

## बास्केटबॉल प्रतियोगिता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून के परेड ग्राउंड में 50वीं सब–जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। 10 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देश के 28 राज्यों से 54 टीमों के लगभग एक हजार से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार उत्तराखंड में सब–जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है, जो राज्य के लिए गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट जैसी पहलों से देश में खेलों के प्रति नई जागरूकता आई है और भारत खेल के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को स्पर्श कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के बाद उत्तराखंड तेजी से खेलभूमि के रूप में अग्रसर है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देहरादून में बास्केटबॉल प्रशिक्षण अकादमी के लिए देहरादून के जिलाधिकारी को भूमि चिन्हित करने और हल्द्वानी में निर्माणाधीन खेल विश्वविद्यालय के पास बास्केटबॉल प्रशिक्षण अकादमी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## सैनिक कल्याण मंत्री

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने लैंसडाउन में कल आयोजित होने वाले शहीद सम्मान समारोह की तैयारियों का आज जायजा लिया। इस सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। श्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह की सभी तैयारियां गरिमामय तरीके से पूरी की जाएं। इस बीच, शहीद सम्मान यात्रा के दूसरे चरण के तहत ऊधमसिंह नगर जिले के शहीदों के घर–आंगन से एकत्रित मिट्टी कलश को कल लैंसडाउन में होने वाले शहीद सम्मान समारोह के लिए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जिलाधिकारी कार्यालय से फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। उन्होंने बताया कि जिले से दो शहीदों के घर–आंगन से मिट्टी कलश एकत्र किया गया।

## जागरुकता रैली

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बागेश्वर के तत्वावधान में आज नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकाली गई। रैली नुमाइश खेत मैदान से डिग्री कॉलेज होते हुए इंडोर स्टेडियम तक निकाली गई। रैली में एनसीसी कैडेट्स, स्कूली बच्चे और छात्र–छात्राओं सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भागीदारी की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता कुमारी ने युवाओं और बच्चों को विशेष रूप से नशे से दूर रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा आज की युवा पीढ़ी को जागरूक करना सबसे जरूरी है, क्योंकि वही आने वाले समाज की नींव है।

नशा, युवा पीढ़ी को अंधकार की ओर ले जाता है और जागरूकता ही इससे बचाव का सबसे बड़ा उपाय है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की इस पहल से नशा मुक्ति के प्रति समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा।